राम राम भजो | by Kumar Shravan

दो अक्षर वाला नाम आये बड़ा काम जी
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी

सीता माँ ने दिया मोतियों का माला
माला तोड़ दिया वीर हनुमाना
नाम नहीं राम का तो आये किस काम जी
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी

चीर दिया सीना भरी महफ़िल में
सीताराम को दिखा दिए दिल में
चमक चमक चमक रही झांकी सियाराम की
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी

चौंक गयी प्रजा देख के नज़ारे
तुम हो राम के और राम हैं तुम्हारे
सीने से लगाए उसी वक़्त श्री राम जी
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a5%8b-by-kumar-shravan/